उम्मीदवारों को एतियोगी परीक्षा हेतु प्रशिक्षण दिये जाने के लिए शिक्षण संस्थाओं को अनुदान प्रदान किए जाने हेतु सरकार द्वारा स्थापित मापदंड क्या हैं;

(ख) गत तीन वर्षो के दौरान प्रत्येक संस्था को प्रदान की गई अनुदान राशि का ब्यौरा क्या हैं; और

(ग) इन संस्थाओं द्वारा अनुदान का उचित उपयोगी और रतियोगी के समुचित प्रशिक्षण का ब्यौरा क्या हैं?

कल्याणा मंत्री (श्री बलवन्त सिंह रामू-वालिया) : (क) उन परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्रो को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती हैं जो अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, सरकारी उपक्रमों आदि द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी करवाते हैं। ये केन्द्र राज्य सरकारों, विश्वविघालयों तथा निजी कोचिंग संस्थाओं द्वारा चलाए जा सकते हैं। राज्य सरकारों के व्यय के वचनबद्व स्तर के अतिरिक्त राज्य सरकारों को 50:50 के समान आधार पर सहायता दी जाती हैं। संघ राज्य क्षेत्रों/विश्वविघालयों तथा निजी संस्थाओं के मामले में 100% अनुदान दिया जाता हैं।

(ख) सूचना अनुबन्ध "क" में दी गई हैं। [देखिए परिशिष्ट 181 अनुपत्र संख्या 38]

(ग) परीक्षापूर्व प्रशिक्षण केन्द्र अगले वित्त वर्ष के लिए प्रस्ताव के साथ संबंधित वर्ष के लिए लेखा परीक्षित उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा वास्तविक प्रगाति रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों के पास पड़ी उपयोग न की गई शेष धनराशि, यदि कोई हो, तो अगले वित्त वर्ष के दौरान स्वीकृत राशि से समायोजित की जाती हैं।

परीक्षा पूर्व, प्रशिक्षण केन्द्रो से नए अनुदान प्रस्तावों के प्राप्त होने पर कल्याण मंत्रालय द्वारा उनके पूर्वनिष्पादन तथा निधियों के वास्तविक उपयोग की समीक्षा की जाती हैं।

Financial assistance to Voluntary Organisations in Gujarat

1385. SHRIMATI ANADIBEN JETHABHAI PATEL: SHRI BRAHMUKUMAR BHATT:

Will the Minister of WELFARE be pleased to state:

(a) whether any grant or financial assistance has been provided to voluntary organisations in Gujarat during the last three years;

(b) if so, the details of assistance given and the organisations benefited thereby;

(c) whether it is a fact that these organisations have not submitted their! accounts and reports regularly to Govern ment; and

(d) if so, the details of such organisa tions?

THE MINISTER OF WELFARE (SHRI BALWANT SINGH RAMOOWALIA): (a) Yes, Sir.

(b) The details of grant in aid released to the voluntary organisations in Gujarat during the last three years are at Anne xure. *[See* Appendix 181, Annexure No. 39]

(c) No grant in aid is released to any voluntary organisation for subsequent year until and unless audited statement of accounts and performance report for previous year is received.

(d) In view of (c) above, question does not arise.

मध्य प्रदेश की अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की सूचियों में शामिल जातियां

1386. **श्री राघवजी** : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में ऐसी कौन-कौन सी जातियां हैं जो राज्य के कुछ क्षेत्रो में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल हैं और कुछ क्षेत्रो में शामिल नहीं हैं,

(ख) उसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह मांग सरकार के समक्ष आई हैं कि इन जातियों को पूरे प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल किया जाये; और

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं।